# तूने दिया मुझे मेरी औकात से ज्यादा भजन लिरिक्स

मैं क्या कहूँ ओ सांवरे,
इस बात से ज्यादा,
तूने दिया मुझे मेरी,
औकात से ज्यादा,
मैं क्या कहूँ ओ सांवरे,
इस बात से ज्यादा।bd।

---

मेरे श्याम तेरे नाम ने,
तकदीर बना दी,
मेरे हाथ में नहीं थी जो,
वो लकीर बना दी,
बरसीं है तेरी रहमतें,
बरसात से ज्यादा,
तूने दिया मुझें मेरी,
औकात से ज्यादा,
मैं क्या कहूँ ओ सांवरे,
इस बात से ज्यादा।bd।

---

तू साथ है तो सांवरे,
डर हार का नहीं,
इस मन में मोह मोहना,
संसार का नहीं,
अब कुछ भी नहीं चाहिए,
तेरे साथ से ज्यादा,
तूने दिया मुझें मेरी,
औकात से ज्यादा,
मैं क्या कहूँ ओ सांवरे,
इस बात से ज्यादा।bd।

---

‘संदीप’ दिल में अब कोई,
तृष्णा नहीं रही,
बाकी कोई भी आरज़ू,
कृष्णा नहीं रही,
जो ख़त्म ना हो ऐसी,
मुलाक़ात से ज्यादा,
तूने दिया मुझें मेरी,
औकात से ज्यादा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मैं क्या कहूँ ओ सांवरे,
इस बात से ज्यादा,
तूने दिया मुझे मेरी,
औकात से ज्यादा,
मैं क्या कहूँ ओ सांवरे,
इस बात से ज्यादा।bd।

**Singer – Sandeep Bansal**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com